संख्या–1987/71–4–2019–158/2017टी0सी0

प्रेषक,

डा0 रजनीश दुबे,
प्रमुख सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

सचिव,
उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी,
लखनऊ।

चिकित्सा शिक्षा अनुभाग–4 लखनऊ : दिनांक 12 दिसम्बर, 2019

विषयः– संयुक्त पैरामेडिकल प्रशिक्षणों में सभी शासकीय एवं निजी शैक्षणिक संस्थाओं (अनुदानित एवं गैर अनुदानित) में प्रवेश के लिए अर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए अधिकतम 10 प्रतिशत के आरक्षण के संबंध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या–22507/19 दिनांक 22.11.2019 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2– इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि EWS से संबंधित संविधान संशोधन एवं तत्क्रम में कार्मिक विभाग द्वारा निर्गत शासनादेशों में निहित व्यवस्थानुसार निम्नलिखित राजकीय मेडिकल कालेजों/संस्थाओं/चिकित्सा विश्वविद्यालयों में 10 प्रतिशत ई0डब्ल्यू0एस0 कोटा लागू किये जाने हेतु पूर्व में सृजित सीटों के सापेक्ष कुल 25 प्रतिशत सीटों की वृद्धि किये जाने की अनुमति एतद्द्वारा प्रदान की जाती है:–

| क्र0 सं0 | प्रशिक्षण केन्द्र | प्रशिक्षण का नाम | वर्तमान में उपलब्ध कुल सीट | प्रस्तावित सीट 25% वृद्धि | सीट वृद्धि के उपरान्त कुल सीट |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मोती लाल नेहरू मेडिकल कालेज, इलाहाबाद | एक्स–रे टेक्नीशियन | 60 | 15 | 75 |
| | | लैबोरेटरी टेक्नीशियन | 80 | 20 | 100 |
| | | फार्मेसी | 60 | 15 | 75 |
| 2 | एस0एन0 मेडिकल कालेज, आगरा | एक्स–रे टेक्नीशियन | 60 | 15 | 75 |
| | | लैबोरेटरी टेक्नीशियन | 80 | 20 | 100 |
| | | फार्मेसी | 60 | 15 | 75 |
| 3 | जी0एस0वी0एम0 मेडिकल कालेज, कानपुर | एक्स–रे टेक्नीशियन | 60 | 15 | 75 |
| | | लैबोरेटरी टेक्नीशियन | 80 | 20 | 100 |
| | | फार्मेसी | 60 | 15 | 75 |
| 4 | एल0एल0आर0एम0 मेडिकल कालेज, मेरठ | एक्स–रे टेक्नीशियन | 40 | 10 | 50 |
| | | लैबोरेटरी टेक्नीशियन | 80 | 20 | 100 |
| | | फार्मेसी | 60 | 15 | 75 |
| 5 | बी0 आर0 डी0 मेडिकल कालेज, गोरखपुर | एक्स–रे टेक्नीशियन | 30 | 8 | 38 |
| | | लैबोरेटरी टेक्नीशियन | 80 | 20 | 100 |
| 6 | एम0 एल0 बी0 मेडिकल कालेज, झांसी | एक्स–रे टेक्नीशियन | 30 | 8 | 38 |
| | | लैबोरेटरी टेक्नीशियन | 80 | 20 | 100 |
| 7 | उ0प्र0 रूरल इंस्टी. ऑफ मेडिकल साइंसेज एण्ड रिसर्च, सैफई, इटावा | एक्स–रे टेक्नीशियन | 30 | 8 | 38 |
| | | लैबोरेटरी टेक्नीशियन | 40 | 10 | 50 |
| 8 | डा0 राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ | एक्स–रे टेक्नीशियन | 30 | 8 | 38 |
| | | लैबोरेटरी टेक्नीशियन | 20 | 5 | 25 |
| | | रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन | 10 | 3 | 13 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 9 | राजकीय मेडिकल कालेज, कन्नौज | एक्स–रे टेक्नीशियन | 20 | 5 | 25 |
| | | लैबोरेटरी टेक्नीशियन | 20 | 5 | 25 |
| 10 | राजकीय मेडिकल कालेज, जालौन | एक्स–रे टेक्नीशियन | 20 | 5 | 25 |
| | | लैबोरेटरी टेक्नीशियन | 20 | 5 | 25 |
| 11 | राजकीय मेडिकल कालेज, आजमगढ़ | एक्स–रे टेक्नीशियन | 20 | 5 | 25 |
| | | लैबोरेटरी टेक्नीशियन | 20 | 5 | 25 |
| 12 | राजकीय मेडिकल कालेज, अम्बेडकरनगर | एक्स–रे टेक्नीशियन | 20 | 5 | 25 |
| | | लैबोरेटरी टेक्नीशियन | 20 | 5 | 25 |
| 13 | शेख–उल–हिन्द मौलाना महमूद हसन मेडिकल कालेज, सहारनपुर | एक्स–रे टेक्नीशियन | 20 | 5 | 25 |
| | | लैबोरेटरी टेक्नीशियन | 20 | 5 | 25 |
| 14 | जे0के0 कैंसर संस्थान, कानपुर | रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन | 20 | 5 | 25 |
| 15 | किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ | एक्स–रे टेक्नीशियन | 60 | 15 | 75 |
| | | लैबोरेटरी टेक्नीशियन | 80 | 20 | 100 |
| | | रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन | 30 | 8 | 38 |
| | | डिप्लोमा इन आप्टोमेट्री | 30 | 8 | 38 |
| | | डिप्लोमा इन फिजियोथिरेपी | 30 | 8 | 38 |
| | | डिप्लोमा इन ओ0टी0 टेक्नीशियन | 30 | 8 | 38 |
| | | डिप्लोमा इन कार्डियोलोजी टेक्नीशियन | 30 | 8 | 38 |
| | | डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन | 30 | 8 | 38 |
| | | डिप्लोमा इन सी0टी0 स्कैन टेक्नीशियन | 30 | 8 | 38 |
| | | डिप्लोमा इन एम0आर0आई0 टेक्नीशियन | 30 | 8 | 38 |
| | | डिप्लोमा इन सैनीटेशन | 30 | 8 | 38 |
| | | डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन | 30 | 8 | 38 |
| | | डिप्लोमा इन ब्लड ट्रांसफ्यूजन टेक्नीशियन | 30 | 8 | 38 |

3– कृपया तदनुसार अग्रेतर कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(डा0 रजनीश दुबे)
प्रमुख सचिव।

संख्या–1987 (1)/71–4–2019–तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 लखनऊ।
2. संबंधित प्रधानाचार्य/कुलसचिव/निदेशक, राजकीय मेडिकल कालेज/संस्थान/ चिकित्सा विश्वविद्यालय, उ0प्र0।
3. गार्डफाइल।

आज्ञा से,

(अनिल कुमार सिंह)
उप सचिव।

# उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी

5, सर्वपल्ली, माल एवेन्यू रोड, लखनऊ – 226001

फोन : 0522 – 2235964, 2235965

Website:www.upsmfac.org Email-upmedicalfaculty@upsmfac.org


Lalit | Para Medical file

Mohe

पत्रांक संख्या– 9244/22

दिनांक 20/09/2022

सेवा में,

**प्रधानाचार्य,**
राजकीय मेडिकल कालेज,
सहारनपुर।

**विषय–राजकीय मेडिकल कालेज, सहारनपुर में 25 सीट डिप्लोमा इन ओ0टी0, 25 सीटे डिप्लोमा इन डायलिसिस टेक्नीशियन व 25 सीट वेन्टीलेटर टेक्नीशियन के पाठ्यक्रम प्रारम्भ करने के संबंध में।**

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक आप अपने पत्र संख्या–रा0मे0का0स0/2022/4869 दिनॉक 31.08.2020 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

उक्त के सन्दर्भ में अवगत कराना है कि उ0प्र0 शासन चिकित्सा शिक्षा अनुभाग–4 के शासनादेश संख्या– 205806/2022 File No-71-4099/200/2022-4 दिनॉक 27.08.2022 द्वारा जिन 03 नवीन डिप्लोमा पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों की अनवार्यता/अनुमति प्रदान की गयी है, उनमें से क्रम संख्या 03 पर अंकित डिप्लोमा इन वेन्टीलेटर टेक्नीशियन प्रशिक्षण का संचालन उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी द्वारा नहीं किया जा रहा है।

अतः प्रश्नगत पाठ्यक्रम (वेन्टीलेटर टेक्नीशियन को छोड कर) शेष 02 पाठ्यक्रम प्रारम्भ करने हेतु सम्बद्धता पत्र निर्गत किये जाने संबंधी कार्यवाही की जा रही है।

भवदीय,

सचिव,
उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी

पत्र संख्या–

दिनॉक–

**प्रतिलिपि**–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. प्रमुख सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, चिकित्सा शिक्षा विभाग, उ0प्र0 लखनऊ।
2. महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण उ0प्र0 लखनऊ।

सचिव,
उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी

# उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी

5, सर्वपल्ली, माल एवेन्यू रोड, लखनऊ – 226001
फोन : 0522 – 2235964, 2235965
Website:www.upsmfac.org Email-upmedicalfaculty@upsmfac.org

पत्रांक संख्या–929/23 दिनांक 17/11/2023

सेवा में,

प्रधानाचार्य,
शेख उल हिन्द मौलाना मुहम्मद हसन मेडिकल कालेज,
सहारनपुर ।

विषयः शेख उल हिन्द मौलाना मुहम्मद हसन मेडिकल कालेज, सहारनपुर में डिप्लोमा इन एनेस्थेसिया एण्ड क्रिटिकल केयर टेक्नीशियन, डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन, डिप्लोमा इन आप्टोमेट्री एवं डिप्लोमा इन आर्थोपेडिक्स एण्ड प्लास्टर टेक्नीशियन प्रशिक्षण प्रारम्भ किये जाने की सम्बद्धता/मान्यता के संबंध में।

महोदय/महोदया,

उ0प्र0 शासन चिकित्सा शिक्षा अनुभाग–4 के शासनादेश संख्या– I/409765/2023 File No-71-4099/1084/2021-4 दिनॉक 18 अक्टूबर, 2023 को निर्गत अनिवार्यता/अनुमति पत्र में वर्णित कतिपय शर्तो/प्रतिबन्धों के अधीन (1) डिप्लोमा इन एनेस्थेसिया एण्ड क्रिटिकल केयर टेक्नीशियन–10 सीट (2) डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन–10 सीट (3) डिप्लोमा इन आप्टोमेट्री–05 सीट (4) डिप्लोमा इन आर्थोपेडिक्स एण्ड प्लास्टर टेक्नीशियन–05 सीट प्रति शैक्षिक वर्ष हेतु मान्यता/सम्बद्वता प्रदान की जाती है।

प्रवेश हेतु शैक्षिक अर्हता एवं अन्य शर्तें –

1. प्रशिक्षण में प्रवेश हेतु अभ्यर्थी की शैक्षिक योग्यता इण्टरमीडिएट विज्ञान वर्ग (भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान अथवा गणित) सहित उत्तीर्ण होना चाहिए।
2. अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु 17 वर्ष पूर्ण होनी चाहिए।
3. डिप्लोमा इन एनेस्थेसिया एण्ड क्रिटिकल केयर टेक्नीशियन, डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन, डिप्लोमा इन आप्टोमेट्री एवं डिप्लोमा इन आर्थोपेडिक्स एण्ड प्लास्टर टेक्नीशियन प्रशिक्षणों में प्रवेश हेतु उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी द्वारा आयोजित ऑन लाईन प्रवेश प्रक्रिया के माध्यम से छात्रों को चयनित कर भेजा जायेगा। जैसा कि अन्य शासकीय मेडिकल कालेजों के प्रशिक्षण केन्द्र हेतु किया जा रहा है, इस संबंध में शासन के निर्देश अन्तिम होंगे।

# उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी

5, सर्वपल्ली, माल एवेन्यू रोड, लखनऊ – 226001
फोन : 0522 – 2235964, 2235965
Website:www.upsmfac.org Email-upmedicalfaculty@upsmfac.org

पत्रांक संख्या–............ दिनांक ..................

4. वर्तमान में प्रशिक्षण के दौरान छात्रों से शासकीय मेडिकल कालेजों में अधिकतम रूपया 24,000/– (चौबीस हजार रूपया) प्रतिवर्ष (रूपया 2,000/– प्रतिमाह) प्रशिक्षण शुल्क के रूप में तथा प्रवेश के समय रूपया 2,000/– प्रवेश शुल्क के रूप में निर्धारित है।

5. शैक्षिक सत्र प्रतिवर्ष 01 अक्टूबर से प्रारम्भ होगा। वार्षिक परीक्षायें प्रतिवर्ष निर्धारित प्रशिक्षण अवधि पूर्ण होने के पश्चात् कार्यालय द्वारा जारी एकेडमिक कैलेण्डर के अनुसार करायी जायेगी। संबंधित प्रशिक्षण के सिलेबस की प्रति कार्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

6. निर्धारित भर्ती क्षमता से अधिक प्रवेश किसी भी दशा में न किया जाये।

7. प्रशिक्षण केन्द्र शासकीय क्षेत्र का होने के नाते सम्बद्धता शुल्क से मुक्त है, परन्तु कार्यालय द्वारा निर्धारित छात्र/छात्राओं का परीक्षा शुल्क एवं पंजीयन शुल्क देय होगा।

8. प्रशिक्षण केन्द्र से संबंधित समस्त सूचनायें संस्था को आवंटित किये गये Center Login Panel पर भरना सुनिश्चित करें।

9. संस्था में कार्यरत टीचिंग फैकल्टी एवं प्रवेशित छात्र/छात्राओं का Online Enrollment Center Login Panel के माध्यम से किया जायेगा।

10. प्रशिक्षण केन्द्र में बायोमेट्रिक उपस्थिति की व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए कार्यालय की वेबसाइट www.upsmfac.org से Link कराना सुनिश्चित करें, जिससे प्रतिदिन टीचिंग फैकल्टी तथा छात्र/छात्राओं की उपस्थिति कार्यालय को प्राप्त हो सके।

11. कार्यालय की वेबसाइट पर माध्यमिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 के समकक्ष बोर्ड की सूची दर्शित है उसके अतिरिक्त किसी भी गैर मान्यता प्राप्त बोर्ड से उत्तीर्ण छात्रों का प्रवेश किसी भी दशा मे न किया जाये।

12. अनिवार्यता प्रमाण–पत्र में वर्णित कतिपय शर्तों/प्रतिबन्धों का यदि किसी स्तर पर उल्लंघन किया जाता है तो उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी द्वारा दी गयी मान्यता/सम्बद्धता समाप्त कर दी जायेगी।

भवदीय,

सचिव,
उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी

लखनऊ: दिनांक 18 अक्टूबर, 2023

## ESSENTIALITY CERTIFICATE
(अनिवार्यता प्रमाण पत्र)

प्रधानाचार्य, शेख उल हिन्द मौलाना मुहम्मद हसन मेडिकल कालेज, सहारनपुर के पत्र संख्या-रामेकास/2023/1951 दिनांक 25.08.2023 के क्रम में सम्यक विचारोपरान्त शेख उल हिन्द मौलाना मुहम्मद हसन मेडिकल कालेज, सहारनपुर में तालिका में उल्लिखित विवरणानुसार पैरामेडिकल पाठ्यक्रम प्रारम्भ किये जाने हेतु निम्नलिखित शर्तों/प्रतिबन्धों के अधीन अनिवार्यता प्रमाण पत्र (Essentiality Certificate) निर्गत किया जाता है:-

| S. No. | COURSE | No. of Seats | DURATION |
|---|---|---|---|
| 1. | DIPLOMA IN ANESTHESIA AND CRITICAL TECHNICIAN | 10 | 2 YEARS |
| 2. | DIPLOMA IN EMERGENCY & TRAUMA CARE TECHNICIAN | 10 | |
| 3. | DIPLOMA IN OPTOMETRY | 05 | |
| 4. | DIPLOMA IN ORTHOPEDIC AND PLASTER TECHNICIAN | 05 | |
| 5. | DIPLOMA IN PHARMACY | 10 | |

1. मेडिकल कालेज द्वारा प्रश्नगत पाठ्यक्रम में निर्धारित स्वीकृत प्रवेश क्षमता रखी जाय तथा किसी भी दशा में निर्धारित भर्ती क्षमता से अधिक अभ्यर्थियों का चयन न किया जाय।
2. मेडिकल कालेज द्वारा राज्य सरकार/अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय/उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी/महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण/नियामक संस्थाओं द्वारा प्रश्नगत पाठ्यक्रमों को प्रारम्भ करने के संबंध में समय-समय पर निर्गत सुसंगत आदेशों/निर्देशों/मानकों का अनुपालन पूर्णतः सुनिश्चित किया जायेगा।
3. उक्त शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित कराने का दायित्व उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी/महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण/कालेज के प्रमुख का होगा।

Sig(आनन्द कुमार त्रिपाठी)
त्रिपाठी उप सचिव।
Date: 17-10-2023 18:23:33
Reason: Approved

संख्या एवं तद्दिनांक-

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 लखनऊ।
2. प्रधानाचार्य, शेख उल हिन्द मौलाना मुहम्मद हसन मेडिकल कालेज, सहारनपुर।
3. कुलसचिव, अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ।
4. सचिव, उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ।
5. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
(आनन्द कुमार त्रिपाठी)
उप सचिव।